**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 28.12.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की पार्थिव काया पंचतत्व में विलीन–दिल्ली के निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार।

2– पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर आज ईडी ने छापेमारी की।

3– एन.आई.ए. की टीमों ने विधानसभा चुनाव के दौरान हुए माओवादी हमले के सिलसिले में छत्तीसगढ़ में कई स्थानों पर दबिश दी।

4– चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से रायपुर में शुरू।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**डॉक्टर मनमोहन सिंह–अंतिम संस्कार**

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का आज नई दिल्ली के निगम बोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सिख ग्रंथियों और डॉक्टर मनमोहन सिंह के परिजनों ने अंतिम संस्कार से पहले गुरबानी का पाठ किया।

औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जगत प्रकाश नड्डा तथा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने डॉक्टर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को आज सुबह कांग्रेस मुख्यालय से अंत्येष्टि स्थल निगम बोध घाट लाया गया था। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को उनके निवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था जहां लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके अंतिम दर्शन किए। डॉक्टर मनमोहन सिंह का बयानवे वर्ष की आयु में गुरूवार को नई दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

**नगरीय चुनाव–मतदाता सूची**

नगरपालिकाओं और त्रि–स्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए लोगों को मतदाता बनने का एक और अवसर दिया गया है। ऐसे युवा मतदाता जिन्होंने एक जनवरी दो हजार पच्चीस की स्थिति में अट्ठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो, वह भी मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए अपना आवेदन दे सकते हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरपालिकाओं और त्रि–स्तरीय पंचायतों के चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन इकतीस दिसंबर को किया जाएगा। वहीं, दावा आपत्ति छह जनवरी तक किया जा सकता है। दावा आपत्ति का निराकरण नौ जनवरी को किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन पन्द्रह जनवरी दो हजार पच्चीस को किया जाएगा।

**ईडी–छापा**

छत्तीसगढ़ के पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश कवासी के घर आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने छापेमारी की है। कवासी लखमा के रायपुर स्थित निवास में सुबह से ईडी की टीम पहुंची। सुरक्षा को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे। इसके अलावा कवासी लखमा के करीबी माने जाने वाले सुशील ओझा के चौबे कॉलोनी स्थित घर में ईडी की टीम जांच के लिए पहुंची।

वहीं, इससे पहले, ईडी ने सुकमा जिले में हरीश कवासी और नगर पालिका अध्यक्ष राजू साहू के घर में दबिश दी। कवासी लखमा के बेटे वर्तमान में जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। अधिकारियों की टीम उनके घर में मिले दस्तावेजों की जांच कर रही है।

गौरतलब है कि ईडी ने शराब और कोयला घोटाले मामले में दो पूर्व मंत्रियों, विधायकों सहित सौ लोगों के खिलाफ नामजद एफ.आई.आर. दर्ज कराया है। इनमें कांग्रेस सरकार में आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, पूर्व विधायक यूडी मिंज, गुलाब कमरो और शिशुपाल सोरी का नाम शामिल है।

**एनआईए–कार्रवाई**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एन.आई.ए. की टीमों ने पिछले साल राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान मतदानकर्मियों और सुरक्षा दल पर माओवादियों के हमले के सिलसिले में कल छत्तीसगढ़ में कई स्थानों और झारखंड के गिरिडीह जिले में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने नक्सली पर्चे, बुकलेट, मोबाइल फोन, डिजिटल डिवाइस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री सहित डेढ़ लाख रुपये नकद जब्त किए। एनआईए ने इस मामले में अब तक दस आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

एन.आई.ए. ने कहा है कि गरियाबंद और धमतरी जिलों के माओवादी प्रभावित इलाके रावनडिग्गी, सेमरा, मैनपुर, घोरागांव, केराबहरा और गरियाबंद गांवों में ग्यारह संदिग्धों के कई ठिकानों पर तलाशी ली गई। माना जा रहा है कि संदिग्ध आरोपी प्रतिबंधित सी.पी.आई. (माओवादी) आतंकी संगठन के मैनपुर–नुआपाड़ा डिवीजन के सदस्य और समर्थक हैं।

एन.आई.ए. ने कहा कि पिछले साल नवंबर में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदानकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों पर हमले में एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई थी। इस हमले के पीछे मैनपुर–नुआपाड़ा डिवीजन का हाथ था।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ सत्रहवीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आइ.आर. मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज़, पी.एम.ओ. और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

________श्रोताओं, कल रविवार को **"हल्बी" और "गोण्डी"** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में सक्रिय बीजापुर जिले के एक माओवादी देवा सुमादो मुदाम ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इस पर सात लाख रुपये का इनाम था। गोंदिया जिला पुलिस की अपील के बाद और नक्सली समूहों की गतिविधियों से निराश होकर उसने जिला कलेक्टर प्रजीत नायर और पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया।

वहीं, सुकमा जिले में पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने दोरनापाल–पोलमपल्ली के बीच बीस–बीस किलो के दो आईईडी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हान ने बताया कि यह आईईडी माओवादियों ने जवानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगा रखा था।

## दुर्घटना–मौत

कांकेर जिले में एक सड़क दुर्घटन में दो छात्राओं सहित पांच लोगों की मौत हो गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा भानुप्रतापपुर के अंतागढ़ मार्ग में उस वक्त हुआ जब एक चारपहिया वाहन ने दो मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटर साइकिल सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले के देवरी में हसदेव नदी में डूबे दूसरे युवक का भी शव बरामद कर लिया गया है। पंतोरा पुलिस के अनुसार नदी में नहाने के दौरान कल कोरबा जिले के दीपका निवासी दो युवक डूब गए थे। एक युवक का शव कल ही बरामद कर लिया गया था।

## राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता

चौबीसवीं राष्ट्रीय वनवासी क्रीड़ा प्रतियोगिता के मुकाबले आज से रायपुर में शुरू हो गए हैं। साईंस कॉलेज मैदान में आज एक सादे समारोह में इस प्रतियोगिता का उद्घाटन वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह और राष्ट्रीय खिलाड़ी कविता राउत ने किया।

आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत प्रचार–प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा ने बताया कि विभिन्न प्रान्तों के करीब आठ सौ से अधिक खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर के तीन स्थानों – स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा, पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान और आर्चरी मैदान में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के तहत तीरंदाजी और फुटबॉल के मुकाबले हो रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन इकतीस दिसंबर को होगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **"धमतरी"** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## रायपुर प्राधिकरण–ऑनलाइन संपत्ति

रायपुर विकास प्राधिकरण की संपत्तियां अब घर बैठे ही खरीदी जा सकेगी। आवास और पर्यावरण मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज प्राधिकरण की ऑनलाईन संपत्ति विक्रय की प्रक्रिया का शुभारंभ किया। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध संपत्ति खरीदने के इच्छुक भारतीय नागरिक ऑनलाईन ही राशि का भुगतान कर सकेंगे।

## मौसम

## अब पेश है मौसम का हाल...

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई जिलों में बारिश हुई है। गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में आज सुबह तेज हवाओं के साथ बौछारें पड़ी। वहीं, कोरिया जिले के बैंकुठपुर के आसपास क्षेत्रों और अंबिकापुर समेत सरगुजा जिले के कई जगहों पर आज बारिश हुई। रायपुर जिले में आज सुबह से धूप–छांव की स्थिति बनी रही। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई।

मौसम विभाग ने अनुसार प्रदेश में हवा की दिशा बदल गई है, जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। साथ ही कल से ठंड भी बढ़ सकती है। एक जनवरी से उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति बनेगी। वहीं, दो जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस गिरने के आसार हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

– कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज के गीतकुंवरी क्षेत्र में आज सुबह एक दंतैल हाथी की मौत का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

– बिलासपुर के कोनी गांव में कलेक्टर अवनीश शरण ने तालाब को पाटकर खेत बनाने वालों पर पच्चीस हजार रूपए का जुर्माना किया है। साथ ही उन्होंने तालाब को फिर से मूल स्वरूप में लाने का आदेश जारी किया है।

– कबीरधाम जिले की चिल्फी पुलिस और सायबर सेल की टीम ने दो आरोपियों के पास बारह किलो से अधिक गांजा जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब एक लाख बीस हजार रूपए आंकी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>